# प्रश्न बैंक

## कक्षा : 12वीं

## विषयः इतिहास

समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एजुकेशन) लोक शिक्षण संचालनालय, (म.प्र.)

## विषय (अध्याय) – 1
## ईंटें, मनके तथा अस्थियाँ
## हडप्पा सभ्यता

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये।**

प्रश्न क्र. : 1 हड़प्पा टीले का उल्लेख सर्वप्रथम 1826 ई. में ………….. ने किया ?

प्रश्न क्र. : 2 हड़प्पावासियों की मुहरों में मुख्यतः ………….. जानवर के चित्र अंकित थे ?

प्रश्न क्र. : 3 हड़प्पा सभ्यता में ……………. पत्थर की मुहरें बनाई जाती थीं ?

प्रश्न क्र. : 4 मोहनजोदड़ो शब्द का अर्थ …………………. है

प्रश्न क्र. : 5 सिंधु घाटी सभ्यता के निवासियों को …………….. धातु का ज्ञान नहीं था ?

प्रश्न क्र. : 6 भारतीय पुरातत्व का जनक ……………. को कहा जाता है ?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिये।**

प्रश्न क्र. :1 सिंधु सभ्यता में गोदीबाड़ा (बंदरगाह) कहाँ से मिला ?

प्रश्न क्र. :2 सिंधुवासियों की प्रमुख देवी कौन थी- ?

प्रश्न क्र. :3 हड़प्पा सभ्यता का स्वरूप किस प्रकार का था ?

प्रश्न क्र. :4 हड़प्पा नामक पुरास्थल की खोज किसने की थी ?

प्रश्न क्र. :5 हड़प्पा सभ्यता किस युग की सभ्यता है ?

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक)**

प्रश्न क्र. : 1 बाट से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न क्र. : 2 हड़प्पा सभ्यता की खोज कब और किसने की ?

प्रश्न क्र. : 3 फॅयान्स क्या है ? ये कहाँ मिलते हैं ?

प्रश्न क्र. : 4 उन चार स्थलो के नाम बताइये जहां हड़प्पा संस्कृति उन्नत और परिपूर्ण थी।

प्रश्न क्र. : 5 हड़प्पा सभ्यता को सिंधु घाटी सभ्यता क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न क्र. : 6 कनिंघम कौन था ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। (04 अंक)**

प्रश्न क्र. : 1 हड़प्पा सभ्यता की जल निकास प्रणाली की कोई चार विशेषताएं बताइये।

प्रश्न क्र. : 2 हड़प्पा के शवाधानों की मुख्य विशेषताएं क्या हैं ?

प्रश्न क्र. : 3 अवतल चक्कियों का क्या उपयोग था ?

प्रश्न क्र. : 4 सिंधु सभ्यता की नगर योजना पर प्रकाश डालिए ?

प्रश्न क्र. : 5 पुरातत्वविद् किस प्रकार अतीत का पुनर्निर्माण करते हैं सिंधु सभ्यता के संदर्भ में संक्षेप में समझाइए ?

प्रश्न क्र. : 6 हड़प्पा सभ्यता में मनके बनाने के लिए प्रयुक्त पदार्थों की सूची बनाइए। कोई भी एक प्रकार का मनका बनाने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ?

प्रश्न क्र. : 7 हड़प्पा सभ्यता के विनाश के कारणों को समझाइए ?

## विषय (अध्याय) – 2
## राजा, किसान और नगर
## आंरभिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएँ (लगभग 600 ई. पूर्व से 600 ई.)

**बहुविकल्पीय प्रश्न :–**

प्रश्न क्र. :1 छठी शताब्दी में सर्वाधिक शक्तिशाली जनपद था

[1]. गांधार [2]. मगध [3]. वज्जि [4]. पांचाल

प्रश्न क्र. :2 510 ई. में सतीप्रथा के साक्ष्य वाला प्रथम अभिलेख कहां मिला है ?

[1]. ऐरण (सागर) [2]. गुर्जरा (दतिया) [3]. मस्की [4]. जूनागढ़

प्रश्न क्र. :3 छठी शताब्दी में भारत कितने महाजन पदों में बटाँ हुआ था-

[1]. सोलहवॉं [2]. अठारवॉं [3]. सत्रहवॉं [4]. पंद्रहवॉं

प्रश्न क्र. :4 'प्रयाग प्रशस्ति' की रचना किसने की-

[1]. कालिदास [2]. बाणभट्ट [3]. हरिषेण [4]. पतंजलि

प्रश्न क्र. :5 अपने स्वयं के खर्चे से सुदर्शन झील की मरम्मत किसने कराई थी-

[1]. अशोक [2]. स्कन्दगुप्त [3]. रूद्रदामन [4]. कनिष्क

प्रश्न क्र. :6 अर्थशास्त्र के लेखक कौन हैं -

[1]. वाल्मीकि [2]. मनु [3]. कौटिल्य [4]. वेदव्यास

**सही जोड़ी बनाईये।**

| | ''अ'' | ''ब'' |
|---|---|---|
| 1. | कुरू | तक्षशिला |
| 2. | पांचाल | कौशाम्बी |
| 3. | शूरसेन | इंद्रप्रस्थ |
| 4. | गांधार | कम्पिल |
| 5. | वत्स | मथुरा |

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न (02 अंक)**

प्रश्न क्र. : 1 अभिलेख किसे कहते हैं?

प्रश्न क्र. : 2 अशोक के अभिलेख किन–किन लिपियों में लिखे गये थे?

प्रश्न क्र. : 3 मुद्राशास्त्र से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न क्र. : 4 मेगस्थनीज कौन था?

प्रश्न क्र. : 5 छटी शताब्दी ईसा पूर्व के चार महत्वपूर्ण महाजनपदों के नाम लिखिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (04 अंक)**

प्रश्न क्र. : 1 अशोक के धम्म से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न क्र. : 2 मौर्य प्रशासन का वर्णन संक्षेप में करें ?

प्रश्न क्र. : 3 उत्तर मौर्यकाल में विकसित राजत्व के विचारों की चर्चा कीजिए ?

प्रश्न क्र. : 4 सरदार और सरदारियों से आप क्या आप समझते है उदाहरण द्वारा समझाइए।

प्रश्न क्र. : 5 महाजनपदों की प्रमुख विशेषताएं बताइए ?

प्रश्न क्र. : 6 वर्णित (उत्तर वैदिक) काल में कृषि के तौर-तरीकों में किस हद तक परिवर्तन हुए ?

## विषय (अध्याय) – 3
## बंधुत्व जाति तथा वर्ग
## आरंभिक समाज (लगभग 600 ई. पूर्व से 600 ई.)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये।**

प्रश्न क्र. : 1 महाभारत की रचना....................ने की?

प्रश्न क्र. : 2 वर्ण व्यवस्था का मुख्य आधार....................था?

प्रश्न क्र. : 3 महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण....................द्वारा तैयार किया गया।

प्रश्न क्र. : 4 पुरूष सुक्त के अनुसार ब्रह्या जी की भुजा से ....................वर्ण की उत्पत्ति हुई।

प्रश्न क्र. : 5 संस्कृत ग्रंथों में परिवार के लिये ....................शब्द का प्रयोग किया गया।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में दीजिए।**

प्रश्न क्र. : 1 समाज में गंधर्व, असुर, राक्षस और पैशाच विवाह को अच्छा माना जाता है।

प्रश्न क्र. : 2 समाज में पितृ वंशीय व्यवस्था महाभारत की रचना के पहले से मोजूद थी।

प्रश्न क्र. : 3 हिन्दू धर्म में 18 संस्कार होते है।
प्रश्न क्र. : 4 भगवत गीता महाभारत की देन है।
प्रश्न क्र. : 5 महाभारत में कुल 12 पर्व है।

**अतिलउघुत्तरीय प्रश्न (02 अंक)**
प्रश्न क्र. : 1 संस्कृत भाषा में रचित किन्हीं दो महाकाव्य के नाम लिखिए।
प्रश्न क्र. : 2 पितृवंशिकता से आपका क्या आशय है।
प्रश्न क्र. : 3 'गोत्र शब्द' से क्या तात्पर्य है?
प्रश्न क्र. : 4 स्त्री धन को परिभाषित कीजिए?
प्रश्न क्र. : 5 महाभारत के ऐतिहासिक महत्व के दो बिन्दु लिखिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (04 अंक)**
प्रश्न क्र. : 1 क्या आरंभिक राज्यों में शासक निश्चित रूप से क्षत्रिय होते थे, बताईए।
प्रश्न क्र. : 2 प्राचीनकाल में सम्पत्ति के स्वामित्व के संदर्भ में महिलाओं की स्थिति की व्याख्या कीजिए ?
प्रश्न क्र. : 3 स्पष्ट कीजिए कि विशिष्ट परिवारों में पितृवंशिकता क्यों महत्वपूर्ण रही होगी ?
प्रश्न क्र. : 4 किन मायनों में सामाजिक अनुबन्ध की बौद्ध अवधारणा समाज के उस ब्राह्मणीय दृष्टिकोण से भिन्न थी जो पुरूष सूक्त पर आधारित है ?
प्रश्न क्र. : 5 महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण किस प्रकार तैयार हुआ।
प्रश्न क्र. : 6 जाति व्यवस्था के कोई चार दोष बताईए।

## विषय (अध्याय) – 4
## विचारक, विश्वास और इमारतें
## सांस्कृतिक विकास (लगभग 600 ई. पू. से ई. संवत 600 तक)

**बहुविकल्पीय प्रश्न**
प्रश्न क्र. :1 हीनयान एवं महायान सम्प्रदाय किस धर्म से संबंधित हैं -
[1]. जैन [2]. बौद्ध [3]. हिन्दू [4]. सिख
प्रश्न क्र. :2 त्रिपिटक साहित्य संबंधित है -
[1]. जैन धर्म [2]. बौद्ध धर्म [3]. शैव धर्म [4]. वैष्णव धर्म
प्रश्न क्र. :3 वैष्णववाद में भगवान विष्णु के कितने अवतारों की कल्पना की गई है -
[1]. आठ [2]. नौ [3]. दस [4]. बारह
प्रश्न क्र. :4 महात्मा बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ था-
[1]. कुशीनगर [2]. लुम्बिनी [3]. सारनाथ [4]. बोधगया
प्रश्न क्र. :5 वीर शैव आन्दोलन के जनक कौन थे-
[1]. कबीर [2]. गुरुनानक [3]. बासवन्ना [4]. कराइकल
प्रश्न क्र. :6 थेरीगाथा नामक बौद्ध ग्रंथ किसका हिस्सा है-
[1]. सुत्तपिटक 2]. अभिधम्म पिटक [3]. विनय पिटक [4]. इनमें से कोई नहीं

**लघुउत्तरीय प्रश्न ( 3 अंक)**
प्रश्न क्र. : 1 यज्ञों की परम्परा पर प्रकाश डालिये।
प्रश्न क्र. : 2 महावीर स्वामी के संदेश को समझाइये।
प्रश्न क्र. : 3 बौद्ध धर्म की तीन शिक्षाएं लिखिए।
प्रश्न क्र. : 4 जैन धर्म की तीन शिक्षाएं लिखिए।
प्रश्न क्र. : 5 जैन और बौद्ध धर्म की तीन समानताएं लिखिए।

### निबंधात्मक प्रश्न (5 अंक)

प्रश्न क्र.: 1 क्या कारण था कि बौद्ध धर्म भारत की सीमाओं को पार कर विदेशों तक पहुंच गया, जबकि जैन धर्म भारत तक ही सीमित रहा ?

प्रश्न क्र. : 2 पौराणिक हिंदु धर्म के उदय को स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न क्र. : 3 सांची के स्तूप के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका की चर्चा कीजिए।

प्रश्न क्र. : 4 स्तूप क्या है? यह क्यों बनाएं जाते थे।?

प्रश्न क्र. : 5 क्या उपनिषदों के दार्शनिकों के विचार नियतिवादियों और भौतिकवादियों से भिन्न थे? अपने जवाब के पक्ष में तर्क दीजिए।

## विषय (अध्याय) – 6
## भक्ति– सूफी परंपराएँ
### धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रंथ
(लगभग 8वीं से 18वीं सदी तक)

**सही जोड़ी बनाईये।**

| | ''अ'' | ''ब'' |
|---|---|---|
| 1. | करइक्काल अम्मइयार | अजमेर |
| 2. | ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती | शिव भक्त |
| 3. | गुरू गोविन्द सिंह | तलवण्डी (ननकाना साहिब) |
| 4. | गुरू नानक देव | खालसा पंत |
| 5. | अलवार संत | विष्णु पूजा |

### लघुउत्तरीय प्रश्न (3 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 मातृगृहता से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न क्र. : 2 शेख निजामुद्दीन औलिया के बारे में क्या जानते हैं ?

प्रश्न क्र. : 3 इस्लाम धर्म की उन विशेषताओं को प्रतिपादित कीजिए जिनकी मदद से यह धर्म समूचे उपमहाद्वीप में फैल गया

प्रश्न क्र. : 4 कबीर की वाणी को किन तीन परिपाटियों में संकलित किया गया है ?

प्रश्न क्र. : 5 रामानुजाचार्य कौन थे? संक्षिप्त में लिखिए।

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (4 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 उदहारण सहित स्पष्ट कीजिए कि संप्रदाय के समन्वय से इतिहासकार क्या अर्थ निकालते है?

प्रश्न क्र. : 2 'बे शरिया और 'बा शरिया' सूफी परंपरा के बीच एकरूपता और अंतर दोनों को स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न क्र. : 3 चिश्ती सिलसिला के विषय में संक्षिप्त में लिखिए।

प्रश्न क्र. : 4 लिंगायत सम्प्रदाय के बारे में आप क्या जानते हैं ?

प्रश्न क्र. : 5 महान और लघु परंपरा में अंतर स्पष्ट कीजिए ?

### निबंधात्मक प्रश्न (5 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 अलवार, नयनार और वीरशैवों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना प्रस्तुत की ?

प्रश्न क्र. : 2 भक्ति आंदोलन की प्रमुख विशेषताएं लिखिए ?

प्रश्न क्र. : 3 कबीर के जीवन एवं मुख्य उपदेशों का उल्लेख कीजिए ?

प्रश्न क्र. : 4 भक्ति आंदोलन के मुख्य सामाजिक प्रभाव बताइए।

प्रश्न क्र. : 5 बाबा गुरू नानक के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिए? इन उपदेशों का किस तरह संप्रेषण हुआ।

प्रश्न क्र. : 6 क्यों और किस तरह नयनार और सूफी संतों से अपने संबंध बनाने का प्रयास किया ?

विषय (अध्याय) – 7
एक साम्राज्य की राजधानी : विजयनगर
(लगभग 14वीं सदी से 16वीं सदी तक)

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

प्रश्न क्र. : 1 विजय नगर की स्थापना किसने की थी –

[1]. हरिहर व बुक्का [2]. नरसिंह सालुव [3]. वीर सिंह [4]. कृष्णदेव राय

प्रश्न क्र. : 2 प्रसिद्ध विरूपाक्ष मंदिर कहां स्थित है -

[1]. हम्पी [2]. चिदाम्बरम् [3]. बेलूर [4]. श्रीरंगम

प्रश्न क्र. : 3 सर्वप्रथम विजयनगर की यात्रा पर आने वाला विदेशी यात्री कौन था -

[1]. निकोली कोण्टी [2]. अब्दुर्रज्जाक [3]. डेमिंगौस पेइस [4]. फर्नाओ नूनीज

प्रश्न क्र. : 4 गोपुरम से आप क्या समझते हैं-

[1]. गाय का एक प्रकार [2]. मंदिर का प्रवेश द्वार [3]. भूराजस्व का एक प्रकार [4]. नृत्य की एक शैली

प्रश्न क्र. : 5 विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब हुई-

[1]. 1347 ई. [2]. 1325 ई. [3]. 1336 ई. [4]. 1348 ई.

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये।**

प्रश्न क्र. : 1 आमुक्तमाल्याद ...................ने लिखी थी।
प्रश्न क्र. : 2 कुदिरई चेट्टी ...................थे
प्रश्न क्र. : 3 विजयनगर राज्य की मातृदेवी को ...................नाम से जाना जाता है।
प्रश्न क्र. : 4 भारत के प्रथम सर्वेयर जनरल................... थे।
प्रश्न क्र. : 5 तालीकोटा का युद्ध सन् ...................में लड़ा गया था।

**एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिए।**

प्रश्न क्र. : 1 विजयनगर में सेना प्रमुख को क्या कहा जाता था।
प्रश्न क्र. : 2 हम्पी के भग्नावशेष की खोज किसने की।
प्रश्न क्र. : 3 हजारा राम मंदिर किस राज्य में था।?
प्रश्न क्र. : 4 महानवमीं पर्व किस राज्य में मनाया जाता था।
प्रश्न क्र. : 5 कृष्णदेव राय ने कौनसा उपनगर बसाया था।

**सही जोड़ी बनाईये।**

| | ''अ'' | ''ब'' |
|---|---|---|
| 1. | हरिहर प्रथम | तुलुव राजवंश |
| 2. | नरसिंह | अराविदु राजवंश |
| 3. | कृष्णदेव राय | सालुव राजवंश |
| 4. | तिरूमाल | संगम राजवंश |

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में दीजिए।**

प्रश्न क्र. : 1 विजयनगर राज्य की स्थापना तुंगभद्रा नदी के किनारे की गई थी।
प्रश्न क्र. : 2 निकोलो–दे–कॉन्ती मोरक्को देश से संबंधित था।
प्रश्न क्र. : 3 राक्षस–तांगडी युद्ध 1565 ई. में हुआ था।
प्रश्न क्र. : 4 अब्दूल रज्जाक, देवराय द्वितीय के शासन काल में आया था।
प्रश्न क्र. : 5 तुलुव राज वंश की नीव वीर नरसिंह ने रखी थी।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (4 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 विजयनगर शासको ने वर्षा जल संचय के लिए क्या कार्य किए

प्रश्न क्र. : 2 विजयनगर साम्राज्य के पतन के क्या कारण थे ?

प्रश्न क्र. : 3 कृष्णदेवराय को विजयनगर के शासकों में महान शासक क्यों समझा जाता है ?

प्रश्न क्र. : 4 अमर नायक के कार्य बताइये ?

प्रश्न क्र. : 5 कमल महल और हाथियों के अस्तबल जैसे भवनों का स्थापत्य हमें उनके बनवाने वाले शासकों के विषय में क्या बताता है? संक्षेप में वर्णन कीजिए|

प्रश्न क्र. : 6 आपके विचार में 'महानवमी डिब्बा' से सम्बद्ध अनुष्ठानों का क्या महत्व था ?

प्रश्न क्र. : 7 पिछली दो शताब्दियों में हम्पी के भग्नावशेषों के अध्ययन में कौन सी पद्धतियों का प्रयोग किया गया है? आपके अनुसार यह पद्धतियाँ विरूपाक्ष मंदिर के पुरोहित द्वारा प्रदान की गई जानकारी का किस प्रकार पूरक रही|

# विषय (अध्याय) – 9
# शासक और विभिन्न इतिवृत्त
# मुगल दरबार (लगभग 16वीं एवं 17वीं सदी)

## रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

प्रश्न क्र. : 1 मुगलकालीन चित्रकला ................\के काल में चरमोत्कर्ष पर पहुंची ?

प्रश्न क्र. : 2 "रज्मनामा" के नाम से ................. ग्रंथ का फारसी अनुवाद किया गया|

प्रश्न क्र. : 3 नस्तलिक ..................की पंसदीदा शैली थी|

प्रश्न क्र. : 4 सुलह-ए कुल के आदर्श को ................. ने बढ़ावा दिया|

प्रश्न क्र. : 5 आइन-ए- अकबरी का लेखक ....................था|

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में लिखिए।

प्रश्न क्र. : 1 मुगल काल में झरोखा दर्शन की शुरूआत बाबर ने की थी?

प्रश्न क्र. : 2 अकबर ने फतेहपुर सीकरी को अपनी राजधानी बनाया था?

प्रश्न क्र. : 3 बुलंद दरवाजा फतेहपुर सीकरी में स्थित है?

प्रश्न क्र. : 4 गुलबदन बेगम ने 'हुमायुँनामा' की रचना की थी?

प्रश्न क्र. : 5 मुगल तुर्की शासक तैमूर के वंशज थे?

## लघुउत्तरीय प्रश्न (03 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 झरोखा दर्शन क्या था ?

प्रश्न क्र. : 2 तख्त–ए- ताउस का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

प्रश्न क्र. : 3 न्याय की जंजीर किसने और क्यों लगवाई ?

प्रश्न क्र. : 4 'राजधानी नगर' से आप क्या समझते है?

प्रश्न क्र. : 5 मुगल दरबार में फारसी भाषा के प्रयोग पर चर्चा कीजिए।

## निबंधात्मक प्रश्न (05 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 मुगल बादशाहों द्वारा इतिवृत क्यों तैयार करवाए जाते थे ?

प्रश्न क्र. : 2 मुगल प्रांतीय प्रशासन की मुख्य विशेषताओं को लिखते हुये यह भी स्पष्ट कीजिए कि केंद्र किस तरह से प्रांतो पर नियंत्रण रखता था ?

प्रश्न क्र. : 3 मुगल दरबार में पांडुलिपि तैयार करने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए ?

प्रश्न क्र. : 4 मुगल साम्राज्य के शाही परिवार में महिलाओं की स्थिति का वर्णन कीजिए ?

प्रश्न क्र. : 5 उदाहरण सहित मुगल इतिहासों के विशिष्ट अभिलक्षणों की संक्षिप्त में चर्चा कीजिए।

## विषय (अध्याय) – 11
## विद्रोही और राज
## (1857 का आंदोलन और उसके व्याख्यान)

**सही जोड़ी बनाईये।**

| | "अ" | "ब" |
|---|---|---|
| 1. | रानी लक्ष्मी बाई | कानपुर |
| 2. | बहादूर शाह जफर | झाँसी |
| 3. | नाना साहब | दिल्ली |
| 4. | कुंवर सिंह | लखनऊ |
| 5. | बेगम हजरत महल | जगदीशपुर |

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में लिखिए।**

प्रश्न क्र. :1 सहायक संधि व्यवस्था लार्ड वेलेजली द्वारा लागू की गई थी ?

प्रश्न क्र. :2 वास्कोडिगामा सन् 1498 में भारत पहुंचा ?

प्रश्न क्र. :3 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल लार्ड कैनिंग था ।

प्रश्न क्र. :4 1857 ई. स्वाधीनता संग्राम का प्रतीक कमल व रोटी था ?

प्रश्न क्र. :5 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण धर्म परिवर्तन था|

### अतिलघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 सहायक संधि व्यवास्था क्या थी ?

प्रश्न क्र. : 2 1857 की क्रांति के दो राजनैतिक कारण लिखिए?

प्रश्न क्र. : 3 1857 का विद्रोह कब और कहाँ हुआ था?

प्रश्न क्र. : 4 1857 की क्रांति के प्रतिक चिन्ह कौन से थे?

प्रश्न क्र. : 5 1857 के विद्रोह के चार महत्वपूर्ण स्थलों के नाम लिखिए?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (4 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 "1857 का विद्रोह भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था" सिद्ध कीजिए ?

प्रश्न क्र. : 2 1857 की क्रांति के सैनिक कारण क्या थे ?

प्रश्न क्र. : 3 विद्रोहियों के बीच एकता स्थापित करने के लिए क्या तरीके अपनाए गए ?

प्रश्न क्र. : 4 अंग्रेजो ने विद्रोह को कुचलने के लिए क्या कदम उठाए ?

प्रश्न क्र. : 5 उन साक्ष्यों के बारे में चर्चा कीजिए जिनसे पता चलता है, कि विद्रोही योजनाबद्ध और समन्वित ढंग से काम कर रहे थे|

## विषय (अध्याय) – 13
## महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय आंदोलन
## (सविनय अवज्ञा और उससे आगे)

**बहु विकल्पीय प्रश्न**

प्रश्न क्र. : 1 साइमन कमीशन भारत कब आया?

[1]. 1925 ई [2]. 1928 ई. [3]. 1932 ई. [4]. 1935 ई.

प्रश्न क्र. : 2 भारत छोडो प्रस्ताव कांग्रेस के किस अधिवेशन में पारित किया गया ?

[1]. कलकत्ता अधिवेशन [2]. मद्रास अधिवेशन

[3]. अहमदाबाद अधिवेशन [4]. मुम्बई अधिवेशन

प्रश्न क्र. : 3 'करो या मरो' का नारा दिया ?

[1]. गांधीजी [2]. तिलक [3]. गोखले [4]. सुभाषचंद्रबोस

प्रश्न क्र. :4 महात्मा गाँधी ने पहला किसान आंदोलन कहाँ शुरू किया था-

[1]. बारदोली [2]. चम्पारण [3]. दाण्डी [4]. वर्धा

प्रश्न क्र. :5 चौरी-चौरा हिंसक घटना के बाद कौन सा आंदोलन स्थगित किया गया-

[1]. असहयोग आंदोलन [2]. सविनय अवज्ञा आंदोलन

[3]. भारत छोड़ो आंदोलन [4]. इनमें से कोई नहीं

प्रश्न क्र. : 6 काला कानून किसे कहा गया-

[1]. रोलेट एक्ट [2]. हण्टर रिपोर्ट[3]. 1919 का एक्ट [4]. 1935 का एक्ट

प्रश्न क्र. : 7 नमक सत्याग्रह किस स्थान से प्रारंभ किया गया था -

[1]. दाण्डी [2]. चौरी-चौरा [3]. सूरत [4]. लाहौर

प्रश्न क्र. :8 महात्मा गाँधी को सर्वप्रथम 'महात्मा' किसने कहा था-

[1]. रवीन्द्रनाथ टैगोर [2]. जवाहरलाल नेहरू [3]. बालगंगाधर तिलक [4]. मोहम्मद जिन्ना

प्रश्न क्र. :9 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था-

[1]. सुभाषचंद्र बोस [2]. महात्मा गाँधी [3]. लाला लाजपत राय [4]. गोपाल कृष्ण गोखले

प्रश्न क्र. :10 'हिन्द स्वराज' पुस्तक किसने लिखी थी-

[1]. जवाहर लाल रेहरू [2]. महात्मा गाँधी [3]. अब्दुल कलाम [4]. गोपाल कृष्ण गोखले

## एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए

प्रश्न क्र. : 1 गाँधी इर्विन समझौता कब हुआ था?

प्रश्न क्र. : 2 महात्मा गाँधी के राजनैतिक गुरू कौन थे?

प्रश्न क्र. : 3 जलिया वाला बाग की घटना कब घटित हुई थी?

प्रश्न क्र. : 4 प्रथम गोलमेज सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

प्रश्न क्र. : 5 महात्मा गाँधी ने नमक यात्रा (दाण्डी) कब प्रारंभ की थी?

**सही जोड़ी बनाईये।**

| | ''अ'' | ''ब'' |
|---|---|---|
| 1. | असहयोग आंदोलन प्रारंभ | 1928 |
| 2. | भारत छोड़ों आंदोलन | 1920 |
| 3. | साइमन कमीशन | 1930 |
| 4. | दाण्डी यात्रा | 1931 |
| 5. | गाँधी–इरविन समझोता | 1942 |

## लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 दाण्डी यात्रा का क्या उद्देश्य था ?

प्रश्न क्र. : 2 गोलमेज सम्मेलन क्यों बुलाए गए ? ये क्यों विफल हो गये।

प्रश्न क्र. : 3 'रौलेट एक्ट' पर संक्षिप्त जानकारी दीजिए ?

प्रश्न क्र. : 4 साइमन कमीशन भारत क्यों आया ?

प्रश्न क्र. : 5 खिलाफत आंदोलन क्या था ?

प्रश्न क्र. : 6 'बाल' 'लाल' 'पाल' कौन थे ? इनकी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में क्या भूमिका थी ?

## निबंधात्मक प्रश्न (5 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 चरखे को राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में क्यो चुना गया ?

प्रश्न क्र. : 2 किसान महात्मा गांधी को किस तरह देखते थे ?

प्रश्न क्र. : 3 महात्मा गांधी ने खुद को आम लोगों जैसा दिखाने के लिए क्या किया ?

प्रश्न क्र. : 4 असहयोग आंदोलन एक तरह का प्रतिरोध कैसे था ? संक्षेप में वर्णन कीजिए|

प्रश्न क्र. : 5 राष्ट्रीय आंदोलन के अध्ययन के लिए अखबार महत्वपूर्ण स्त्रोत क्यों है? स्पष्ट कीजिए|

प्रश्न क्र. : 6 नमक कानून स्वतंत्रता संघर्ष का महत्वपूर्ण मुद्दा क्यों बन गया था ? समझाइए।

# विषय (अध्याय) – 15
# संविधान का निर्माण
# (एक नये युग की शुरूआत)

## रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

प्रश्न क्र. : 1 **संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष ………….. थे -**

प्रश्न क्र. : 2 भारत का संविधान .................. को लागू हुआ।

प्रश्न क्र. : 3 संविधान उद्देश्य समिति के अध्यक्ष...............थे।

प्रश्न क्र. : 4 संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष ...............थे।

प्रश्न क्र. : 5 भारत का लौह पुरूष ........................को कहा जाता है।

## एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए

प्रश्न क्र. : 1 **भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे|**

प्रश्न क्र. : 2 **संविधान सभा में सदस्यों की संख्या कितनी थी|**

प्रश्न क्र. : 3 संविधान सभा में हिन्दी का समर्थन किसने किया था|

प्रश्न क्र. : 4 संविधान सभा में आदिवासियों के कल्याण के लिये किसने आवाज उठाई थी|

प्रश्न क्र. : 5 **"अंग्रेज तो चले गये, मगर जाते-जाते शरारत के बीज बो गए ।" यह कथन किसका है|**

प्रश्न क्र. : 6 संविधान के निर्माण में कितना समय लगा था?

प्रश्न क्र. : 7 राज भाषा के रूप में चुनी गई हिन्दी भाषा की लिपि कौन सी थी?

प्रश्न क्र. : 8 संविधान सभा का गठन किस योजना के अंतर्गत किया गया था?

प्रश्न क्र. : 9 संविधान सभा उद्देश्य प्रस्ताव किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया था?

प्रश्न क्र. : 10 संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष कौन थे?

## निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य लिखिए

प्रश्न क्र. : 1 महात्मा गाँधी संविधान सभा के सदस्य थे।

प्रश्न क्र. : 2 संविधान सभा का गठन माउंटबेटन योजना के अंतर्गत किया गया था।

प्रश्न क्र. : 3 भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 ई. को लागू किया गया था।

प्रश्न क्र. : 4 स्वतंत्रता प्राप्ती के समय भारत में 562 देशी रियासते थी।

प्रश्न क्र. : 5 संविधान सभा की पहली बैठक 09 दिसम्बर 1946 ई. को हुई थी।

## अति लघुउत्तरीय प्रश्न (2 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 संविधान सभा के किन्हीं चार सदस्यों के नाम लिखिए।

प्रश्न क्र. : 2 किसके नेतृत्व में और कब अंतरिम सरकार का गठन किया गया।

प्रश्न क्र. : 3 संविधान सभा की प्रथम बैठक कब और किसकी अध्यक्षता में हुई थी।

प्रश्न क्र. : 4 संविधान सभा में उद्देश्य प्रस्ताव कब और किसके द्वारा प्रस्तुत किया गया।

प्रश्न क्र. : 5 संविधान की प्रारूप समिति का गठन कब किया गया था? इसके अध्यक्ष कौन थे।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (4 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 उद्देश्य प्रस्ताव में किन आदर्शों पर जोर दिया गया था ?

प्रश्न क्र. : 2 प्रांतों के लिए ज्यादा शक्तियों के पक्ष में क्या तर्क दिए गए?

प्रश्न क्र. : 3 देशी रियासतों का एकीकरण किसने किया तथा एकीकरण की प्रक्रिया कैसे हुई ?

प्रश्न क्र. : 4 महात्मा गाँधी को ऐसा क्यों लगता था, कि हिन्दुस्तानी राष्ट्रीय भाषा होनी चाहिए|


प्रश्न क्र. : 5 दमित जातियों को किस प्रकार सुरक्षा दी जा सकती थी, स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न क्र. : 6 संविधान सभा ने भाषा के विवाद को हल करने के लिए क्या रास्ता निकाला ? संक्षेप में बर्णन कीजिए|

## मानचित्र कार्य
(5 अंक)

प्रश्न क्र. : 1 मानचित्र में महत्वपूर्ण हडप्पा पुरास्थलों को दर्शाइये।

(अ) हडप्पा (ब) मोहन जोदड़ो (स) कालीबंगन (द) धौलावीरा (इ) लोथल




प्रश्न क्र. : 2 मानचित्र में आरंभिक राज्य व उनकी राजधानियों को दर्शाइये।

(अ) मगध (ब) अवंति (स) काशी (द) कुरू (इ) वज्जि





प्रश्न क्र. : 3 भारत के मानचित्र में अशोक के अभिलेखों के वितरण को दर्शाइये।

(अ) मास्की (ब) गिरनार (स) साँची (द) सारनाथ (इ) गुजर्रा




प्रश्न क्र. : 4 मानचित्र में महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों को दर्शाइये।

(अ) अमरावती (ब) अजंता (स) साँची (द) लुम्बिनी (इ) कुशीनगर





प्रश्न क्र. : 5 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित सूफी स्थलों एवं मंदिरों को दर्शाइये।

(अ) अजमेर (ब) आगरा (स) तंजोर (द) विजयनगर (इ) बनारस



प्रश्न क्र. : 6 मानचित्र में 1857 की क्रांति के विद्रोह के प्रमुख केन्द्रों को दर्शाइये।

(अ) मेरठ (ब) झाँसी (स) कानपुर (द) जबलपुर (इ) ग्वालियर




*मानचित्र 2*
*यहाँ विद्रोह के महत्त्वपूर्ण केंद्र दिखाए गए हैं। विद्रोहियों पर ब्रिटिश हमलों के मार्गों को भी दर्शाया गया है।*

# हौसले के साथ करें 5 सकारात्मक प्रयास!

आप स्वामी हैं सकारात्मक सोच और बुलंद हौसलों के.
परीक्षा जैसी साधारण प्रक्रिया को
अपने मन–मस्तिष्क में डर का स्वरूप न लेने दें.

## परीक्षा का डर निकालें – करें पाँच प्रयास

**पूछिये**
• प्रश्न • शंकाओं का समाधान

**रखिये**
• जिज्ञासा • सकारात्मक सोच
• सीखने की ललक

**बताईये**
• समस्या व दुविधा

**करिये**
• विषय वार अध्ययन
• गृह कार्य व पुनर्निरीक्षण

**चाहिये**
• अनुशासन व अभ्यास
• कक्षा में एकाग्रता



सोमवार से शनिवार – प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक

## उमंग किशोर हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 14425

निश्चिंत रहिये आपकी पहचान / बात / समस्या या घटना को गोपनीय रखा जाएगा।